आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.02.2026 समय : 1905

- इस्राएल और अमरीका ने आज ईरान पर हमला किया—विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और यथासंभव घर के अंदर रहने की सलाह दी।
- द्वीपसमूह में सर्वाइकल कैंसर से किशोरियों की सुरक्षा के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का आज शुभारंभ किया गया।
- उप—राज्यपाल ने 'अंडमान निकोबार द्वीप समूह मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा—निर्देश, 2026' को अपनाने और लागू करने का निर्णय लिया ।
- सूचना, प्रचार एवं पर्यटन आयुक्त—सह—सचिव ने नई दिल्ली के 'यशोभूमि' में आयोजित साटे का दौरा कर द्वीपों के पर्यटन हितधारकों के प्रयासों की समीक्षा की।

<><><><><><>

इस्राएल और अमरीका ने आज ईरान पर हमले किए। इस्राएल की सेना ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि वह पश्चिमी ईरान के ईरानी शासन से जुड़े कई सैन्य ठिकानों पर व्यापक हमले कर रही है। राजधानी तेहरान सहित ईरान के कई शहरों में विस्फोटों की खबर है। इन हमलों के जवाब में ईरान ने अबू धाबी, बहरीन और कुवैत सहित खाड़ी के कई ठिकानों पर हमले किए हैं।

इस बीच, विदेश मंत्रालय ने ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को मौजूदा स्थिति को देखते हुए अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और यथासंभव घर के अंदर रहने की सलाह दी है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने एक परामर्श जारी कर सभी भारतीयों से समाचारों पर नजर रखने, स्थिति की जानकारी रखने और दूतावास से आगे के किसी भी निर्देश की प्रतीक्षा करने का आग्रह किया है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में सर्वाइकल कैंसर से किशोरियों की सुरक्षा के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का आज गाराचरमा स्थित जिला अस्पताल में शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर, राजस्थान से किया गया, जो देश भर में महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। द्वीप समूह में इस कार्यक्रम का उद्घाटन आयुक्त—सह—सचिव डॉ. सचिन

शिंदे ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले सामान्य कैंसरों में से एक है, जिसे टीकाकरण और समय पर जांच के माध्यम से रोका जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से इस अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया। स्वास्थ्य सचिव वंदना राव ने बताया कि 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी सभी लड़कियां इस टीके के लिए पात्र हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपनी बेटियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाने का अनुरोध किया। स्वास्थ्य उप–निदेशक डॉ. अभिजीत रॉय ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिले के लिए जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति–दिशा बैठक कल जिला उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दिशा समिति के अध्यक्ष सांसद बिष्णु पद राय ने की। बैठक के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा लागू की जा रही सभी सरकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समिति ने योजनाओं के कार्यान्वयन, भौतिक और वित्तीय प्रगति तथा विभागों के बीच आपसी समन्वय पर चर्चा की। सांसद ने कार्यों की नियमित निगरानी, पारदर्शिता और कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी जारी किए। जिला उपायुक्त ने समिति के सभी निर्देशों और सिफारिशों का निश्चित समय सीमा के भीतर पालन करने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार मोटर वाहन अधिनियम, उन्नीस सौ अट्ठास्सी की विभिन्न धाराओं के तहत उप–राज्यपाल ने 'अंडमान निकोबार द्वीप समूह मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा–निर्देश, 2026' को अपनाने और लागू करने का निर्णय लिया है। यह अधिसूचना आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे। स्पष्टीकरण और शुल्क संरचना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार के मूल दिशानिर्देशों में द्वीप प्रशासन ने विशिष्ट प्रावधान किए हैं। इसके अनुसार राज्य परिवहन प्राधिकरण को सक्षम प्राधिकारी माना जाएगा, जब तक कि उप–राज्यपाल किसी अन्य प्राधिकरण को नामित न करें। लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन शुल्क दस हजार रुपये निर्धारित किया गया है। राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए अधिसूचित किराया ही एग्रीगेटर द्वारा वसूला जाने वाला आधार किराया होगा। लाइसेंस निलंबन या रद्दीकरण के आदेश के खिलाफ अपील सुनने के लिए मुख्य सचिव को अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। अपील दायर

करने के लिए पांच हजार रुपये का शुल्क देय होगा। अधिसूचना में कहा गया है कि द्वीपसमूह में अब ओला, उबर या इसी तरह के अन्य एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म्स को संचालन के लिए इन स्थानीय नियमों और शुल्कों का पालन करना अनिवार्य होगा।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव ने नई दिल्ली के 'यशोभूमि'–इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आयोजित दक्षिण एशिया के सबसे बड़े पर्यटन मेले साउथ एशिया ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सचेंज–साटे में द्वीपसमूह पवेलियन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने द्वीपों के पर्यटन हितधारकों से बातचीत की और द्वीप समूह को दक्षिण एशिया के एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। इस तीन दिवसीय एक्सपो में अंडमान पवेलियन ने अपने सतत पर्यटन और प्राकृतिक सुंदरता से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी में द्वीपों की ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों,  विश्व प्रसिद्ध समुद्र तट, भौगोलिक विशेषताओं और साहसिक गतिविधियों को दर्शाया गया। पर्यटन विभाग के अधिकारी टूर ऑपरेटरों, मीडिया प्रतिनिधियों और 'ट्रैवल इन्फ्लुएंसर्स' के साथ बिजनेस टू बिजनेस बैठकें भी कर रहे हैं।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में हाल ही में एक दिवसीय राज्य स्तरीय इंटर–कॉलिगिएट आई टी महोत्सव मनाया गया। यह महोत्सव विभिन्न कॉलेजों के कम्प्यूटर विज्ञान संभाग की ओर से आयोजित की गई। महोत्सव का उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने की। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि टेक्नो वैगेन्ज़ा–2026 विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल, रचनात्मकता और टीमवर्क के लिए एक अच्छा मंच प्रदान करता है। इस महोत्सव के दौरान डॉ. पर्ल देवदास ने जेएनआरएम के नए वेबसाइट का शुभारंभ किया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय ने कहा है कि द्वीपसमूह में डॉक्टरों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने का कोई अलग नियम या कानून मौजूद नहीं है। विभाग ने कहा है कि कोई भी डॉक्टर, जिसके पास किसी भी राज्य चिकित्सा परिषद या राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का वैध पंजीकरण है, वह द्वीप समूह में प्रैक्टिस करने के लिए पात्र है। द्वीपसमूह में चिकित्सा सेवाएँ देने या प्रैक्टिस करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से किसी भी प्रकार के अलग अनापत्ति प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग, भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर के सहयोग से स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए श्री विजयपुरम में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। टूर गाइड, इको–टूरिस्ट गाइड और बर्डिंग पर यह प्रशिक्षण नौ से बीस मार्च तक चलेगा। तीनों जिला में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण के लिए कुल 100 सीटों को दो श्रेणियों में बांटा गया है। इसके लिए चालीस वर्षीय बारहवीं पास उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। जिन उम्मीदवारों ने पहले ही यह प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है, वे पात्र नहीं हैं। आवेदन पत्र विभाग के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन फार्म छः मार्च दोपहर 12 बजे तक योजना अनुभाग में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

बुनियादाबाद स्थित श्री अय्यप्पा मंदिर में तीन मार्च को अट्टुकल पोंगला महोत्सव मनाया जाएगा। यह वार्षिक पूजा उत्सव सुबह नौ बजकर पैंतालीस मिनट से मंदिर के पास मैदान में आयोजित होगा।

<><><><><><><>